07/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

आज जन औषधि दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस दिवस का उद्देश्य लोगों को उच्च गुणवत्ता और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिवस स्वस्थ और फिट इंडिया का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाएं अब देश के हर कोने तक पहुंच रही हैं और जन औषधि मॉडल अब दुनिया को प्रेरित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि हृदय का इलाज अब पहले से कहीं अधिक किफायती है और घुटने के प्रत्यारोपण की लागत भी कम हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम किडनी रोगियों के लिए गेम-चेंजर रहा है।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार 2027 तक देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी। थक्कोलम में सीआईएसएफ के छप्पनवें स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ राष्ट्र के विकास का हिस्सा रहा है और देश भर में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर देश के लोगों की सुरक्षा करते हुए सेवा कर रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु ने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और सरकार ने राजादित्य चोलन के गौरव को मान्यता दी है और उनके नाम पर सीआईएसएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र का नाम रखा है। उन्होंने दो साल से अपील करने के बावजूद तमिल भाषा में मेडिकल की पढ़ाई शुरू नहीं करने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि 2019 से सरकार ने देश के अन्य हिस्सों में भी सीआईएसएफ स्थापना दिवस मनाने का फैसला किया है। श्री अमित शाह ने कहा कि इस अवसर पर बल के 22 अनुकरणीय सैनिकों को पदक प्रदान करना सम्मान की बात है।

00000000000000000000

आज ईटानगर में आठवीं विधानसभा के चौथे सत्र का दूसरा दिन था। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि दूसरे दिन की चर्चा अरुणाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर केंद्रित रही। इस दौरान श्री खांडू ने राज्यभर में शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रमुख नीतियों, चुनौतियों और पहलों पर व्यावहारिक चर्चा के लिए सदस्यों का धन्यवाद किया।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के थीम 'एंब्रेसिंग इकव्यिटी इंस्पायरिंग चेंज' को अपनाकर सभी से समानता से आगे बढ़कर एक ऐसा समाज बनाने के लिए निर्णायक कदम उठाने का आग्रह किया, जहाँ हर महिला को आगे बढ़ने का और अवसर मिले। उन्होंने कहा कि, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एक उत्सव से कहीं बढ़कर है, और हमें जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के अपार योगदान की याद दिलाता है।

उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में महिलाओं ने हर क्षेत्र में लगातार शक्ति और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है, जिससे राज्य के विकास और समृद्धि में बहुत योगदान मिला है।

0000000000000000000000

राज्य के किमिन में डीबीटी एपीएससी एंड टी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित बॉर्डर एरिया प्रोग्राम में भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता का समृद्ध उत्सव का आयोजन किया गया। नागालैंड के माननीय राज्यपाल और नॉर्थ ईस्ट जॉन कल्चरल सेंटर (NEZCC) के अध्यक्ष श्री ला गणेशन ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यक्रम को आपसी भाईचारे का उत्सव और भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि का अनुभव करने का अवसर बताया। राज्यपाल ने “एक भारत, श्रेष्ठ भारत” के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि, कैसे इस तरह की पहल सांप्रदायिक सद्भाव, अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देती है।

0000000000000000000000

आकाशवाणी, ईटानगर द्वारा आज अपने स्टूडियो में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राज्य की प्रसिद्ध उपलब्धि प्राप्त महिलाओं जिनमें भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, ईटानगर के वैज्ञानिक, डॉ. कृष्णा चौलू, आरजीयू के हिंदी अधिकारी, गुम्पी ङूसो लोम्बी और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्काउंट्स एंड गाइड्स, केम्पी पाकाम को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया।

आकाशवाणी, ईटानगर ने अपनी महिला कर्मचारियों के योगदान को मान्यता देते हुए हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन करता है ।

0000000000000000000000

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में, IWD समिति RGU ने सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के सहयोग से, यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 पर जागरुकता बढ़ाने के लिए एक ऑनलाइन वार्ता आयोजित की। यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2013 कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाता है। एडवोकेट लीजा दत्ता सिंह ने महिलाओं के लिए भारत के यौन उत्पीड़न संरक्षण कानूनों के विकास और कार्यस्थलों के लिए सर्वोच्च न्यायालय के 1997 के दिशानिर्देशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में महिला कर्मचारियों और छात्रों के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण विनियम, 2015 (यूजीसी विनियम) के बारे में भी सत्र को अवगत कराया।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, लोहित और चांगलांग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।